यंगथॉन में 5000 से अधिक प्रतिभागियों ने दौड़ लगाई, शिक्षा और फिटनेस का संदेश दिया

कोटा, (निसं)। भोर की पहली किरण के साथ रविवार सुबह उम्मेद क्लब से निकली धावकों की कतारों ने शहर में ऊर्जा, उत्साह और फिटनेस का माहौल बना दिया। कोई तेज कदमों से मंजिल की ओर बढ़ रहा था तो कोई दोस्तों और परिवार के साथ दौड़ते हुए सेहत का संदेश दे रहा था।

चैप्टर के चेयरमैन अंकित राठी और कॉ-चेयरमैन अंकित गुप्ता ने बताया कि पीली और हरी टी-शर्ट पहने 6 से 75 वर्ष तक के प्रतिभागियों के उत्साह के बीच 'रन फॉर एजुकेशन' थीम पर आयोजित यंगथॉन 3.0 में हाड़ौती के 5000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। दौड़ का उद्देश्य फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ जरूरतमंद विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। लकी ड्रॉ में बिब नंबर 3847 के विजेता को साईकिल भी प्रदान की गई।

यंग इंडियंस कोटा चैप्टर और रियल टेंपल्स ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दौड़ को रेडक्रॉस के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला, उपमहापौर विवेक राजवंशी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लोकेन्द्र राजावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन और शिक्षाविद् राजेश माहेश्वरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सुबह 5.30 बजे जुम्बा के साथ वार्मअप हुआ। इसके बाद 6.15 बजे 10 किलोमीटर टाईम्ड रन और 6.30 बजे पांच किलोमीटर फन रन-वॉक शुरू हुई। उम्मेद क्लब से अग्रसेन चौराहा, लक्की बुर्ज, गीता भवन, ज्वाला तोप चौराहा और सेवन वंडर्स पार्क के सामने से होते हुए धावक किशोरपुरा तालाब तक पहुंचे और फिर वापस उम्मेद क्लब लौटे।

कोटा में यंगथॉन का आयोजन हुआ।

मार्ग में प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन और स्वागत की व्यवस्थाएं की गई। दौड़ में युवाओं के साथ बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी पूरे उत्साह से भाग लिया। राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी भी शिक्षा सुधार का संदेश लेकर दौड़े। उनके लिए यह आयोजन खेल और फिटनेस तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं की उम्मीद से भी जुड़ा था।

विद्यालयों में विद्यार्थियों के बैठने के लिए उपलब्ध कराए गए नए फर्नीचर को देखकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। बेंच पर बैठकर उन्होंने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

आयोजन के माध्यम से चयनित राजकीय विद्यालयों में स्कूल बेंच की सुविधा उपलब्ध कराने में सहयोग किया जाएगा। रेडक्रॉस के स्टेट चौयरमेन राजेश कृष्ण बिरला ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों और अपने स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनाना जरूरी है। ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ते हैं और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराते हैं।

उन्होंने वर्तमान समय में युवाओं को भटकाने वाले दुष्प्रचार के बीच रचनात्मक गतिविधियों के महत्व पर भी जोर दिया। लोकेन्द्र राजावत और राकेश जैन ने कहा कि 5000 से अधिक लोगों की भागीदारी शिक्षा और फिटनेस के प्रति सामूहिक जागरूकता का परिचायक है। ऐसे आयोजन विकसित और स्वस्थ कोटा के निर्माण में योगदान देते हैं।

अंतरराष्ट्रीय धावक एवं पूर्व सैनिक शक्ति सिंह ने भी दौड़ में भाग लिया। कोटा पुलिस विभाग ने भी दौड़ में दिखाया अपना दम। राजस्थान पुलिस के अधिकारियों और जवानों ने सहभागिता के साथ व्यवस्थाओं में सहयोग किया। इनमें सिटी एडिशनल एसपी सुभाष मिश्रा, डीएसपी राजेश टेलर, रुद्रप्रकाश शर्मा, मनीष शर्मा, एडिशनल एसपी प्रवीण जैन, एडिशनल एसपी ओएसडी अंकित जैन और सेवानिवृत्त एडिशनल एसपी भगवान सिंह हिंगड़ शामिल रहे। यातायात उपाधीक्षक शक्ति सिंह की टीम ने यातायात डायवर्जन संभाला। संपूर्ण पुलिस विभाग का दौड़ को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

कोटा : आठ किलो खराब काजू टुकड़ी नष्ट करवाई

कोटा, (निसं)। प्रमुख स्वास्थ्य सचिव गायत्री राठौर के निर्देशन में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक राजस्थान अवीचल चतुर्वेदी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोटा कलेक्टर पीयूष समारिया के सानिध्य में एवं सीएमएचओ डॉक्टर नरेंद्र नागर के मार्गदर्शन में चलाऐ जा रहे हैं विशेष अभियान के अंतर्गत आज खाद्य सुरक्षा दल द्वारा विभिन्न ड्राई फ्रूट्स की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं बादाम काजू टुकड़ी, बादाम कतरन, किशमिश, उड़द आटा, सौंफ, पिस्ता इत्यादि के नमूने लेकर खाद्य प्रयोगशाला भिजवाया जा रहा है जहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

■ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल की राष्ट्रीय दशहरा मेला में कार्यवाही

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा राष्ट्रीय दशहरा मेला में आधा दर्जन दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा दुकानदारों को साफ सफाई रखने एवं हेयर केप एवं ग्लव्स पहनकर काम करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, अरुण सक्सेना, चंद्रवीर सिंह जादोंन, मोजीलाल कुंभकार, भूपेंद्र नागर, ज्ञान मीणा, दिव्या संत, मनीषा रावत, मनीष पाटीदार विनोद कुमार अम्बरीश कुमार दीपक यादव, रोहित गुप्ता, खुशी सिंह, श्योपाल जितरवाल शामिल रहे।

राष्ट्रीय दशहरा मेला में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा दर्जन भर दुकानों का निरीक्षण किया गया।

सार-समाचार

वाल्मीकि जयंती एवं चतुरंगिणी पुस्तक लोकार्पण समारोह सम्पन्न

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, कोटा महानगर इकाई के तत्वावधान में मौजी बाबा धाम में वाल्मीकि जयंती पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एवं चतुरंगिणी पुस्तक लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामेश्वर शर्मा रामू भैया द्वारा स्वरचित वाल्मीकि चालीसा के पाठ से हुआ। राजस्थान प्रांत के महामंत्री विष्णु शर्मा हरिहर ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डाला। समारोह में रेलवे से सेवानिवृत्त इंजीनियर्स एवं साहित्यकार राममोहन कौशिक एवं कालीचरण राजपूत द्वारा सृजित चार पुस्तकों का लोकार्पण किया गया, जिसे 'चतुरंगिणी पुस्तक लोकार्पण' नाम दिया गया। राम मोहन कौशिक (उपाध्यक्ष, कोटा महानगर इकाई) द्वारा लिखित दो पुस्तक 'किशोर ज्ञान संचिका' एवं 'कहानी कलश' तथा काली चरण राजपूत (प्रचार-प्रसार प्रभारी) द्वारा लिखित पुस्तक दो पुस्तक 'काव्य नवनीत' एवं 'बाल काव्य वाटिका' सहित चारों पुस्तकों को चतुरंगिणी सेना के चार अंगों के समान बताते हुये भव्य कार्यक्रम मे विमोचन किया गया। समारोह की अध्यक्षता मौजी बाबा धाम की महामंडलेश्वर हेमा सरस्वती ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विनय कुमार महाराज, अधिष्ठाता बड़े महाप्रभु जी मंदिर, पाटनपोल उपस्थित रहे। पुस्तकों पर परिचयात्मक वक्तव्य सर्वश्री विजय जोशी, भगवत सिंह मयंक, कमलेश कमल एवं अनुराधा शर्मा अनुद्या ने दिया। अध्यक्ष हेमा सरस्वती ने दोनों कृतिकारों के सृजन की सराहना करते हुए पुस्तकों को उपयोगी बताया।

'एक शाम पुराने गीतों के नाम' कार्यक्रम आज

कोटा, (निसं)। सांस्कृतिक धरोहर और लोक परंपराओं के प्रतीक राष्ट्रीय दशहरा मेला 2026 में सोमवार का दिन संगीत अनुरागियों और शहरवासियों के लिए बेहद खास रहने वाला है। मेले के भव्य मंच विजयश्री रंगमंच पर रात्रि 8.30 बजे से 'एक शाम पुराने गीतों के नाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कोटा नगर निगम की महापौर अनुसूईया गोस्वामी ने बताया कि यह शाम भारतीय सिनेमा और संगीत के स्वर्ण युग को समर्पित होगी। इसमें शहर के प्रतिष्ठित व प्रबुद्धजन तथा विभिन्न पेशों डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, प्रशासनिक अधिकारी व शिक्षक आदि से जुड़े प्रतिभाशाली लोग अपने सुरीले कंठ से सदाबहार और कालजयी हिंदी गीतों की प्रस्तुति देंगे। स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और शहरवासियों को पुरानी स्मृतियों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम संगीत प्रेमियों के लिए भी अद्भुत सौगात साबित होगा। महापौर अनुसूईया गोस्वामी ने आगे बताया कि मुख्य सांस्कृतिक संध्या से पूर्व, शाम 7.00 बजे विजयश्री रंगमंच के पास स्थित मैदान में पारंपरिक 'हत्था माला प्रतियोगिता' का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में पहलवान और प्रतियोगी अपनी पारंपरिक कला एवं हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

निःशुल्क शिविर में 108 मरीजों की जांच

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा राउंड टाउन एवं सुधा मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, सोगरिया में निःशुल्क मल्टी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल ने बताया कि शिविर में डॉ. सचिन, डॉ.महेश एवं डॉ. शुभांगी सहित चिकित्सकों की टीम ने 108 मरीजों की आंखों की जांच, शुगर एवं बीपी की जांच की। साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवाईयां वितरित की। रश्मि अग्रवाल ने बताया कि जाँच के दौरान जिन मरीजों को आँखों के ऑपरेशन अथवा अन्य जाँच एवं उपचार की आवश्यकता पाई गई है, उनका उपचार सुधा मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क किया जाएगा। रोटरी सामुदायिक सेवा दल के प्रमुख लल्लन प्रसाद शर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र में जनहित में ऐसे चिकित्सा शिविरों की अत्यधिक आवश्यकता है। सहायक प्रांतपाल अनिल अग्रवाल ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, अजय अग्रवाल एवं रोटेरियन सुरेन्द्र अग्रवाल का आभार व्यक्त किया।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु फार्म 6 भरवाया गया

कोटा, (निसं)। राजकीय कला महाविद्यालय कोटा में स्वीप व ईएलसी की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत लोकतंत्र की दीवार के सामने नव प्रवेशित 18 वर्ष के विद्यार्थियों को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फार्म 6 ईसीआईनेट से जोड़ने का अभियान मिशन मूड में चलाया जा रहा है। प्रोफेसर जया शर्मा, प्रोफेसर विवेक मिश्र, सहायक आचार्य डॉ. अमित वर्मा व डॉ.प्रतिष्ठा मीणा व छात्रा अंबेसेडर हंसिका द्वारा जुड़वाया जा रहा है। इस समय विद्यार्थी पहला कार्य मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की भावना के साथ आ रहे हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर जया शर्मा ने बताया कि जो विद्यार्थी अपनी आयु 18 वर्ष पूरी कर चुके हैं वे बीएलओ के माध्यम से या स्वयं के मोबाइल से आनलाईन फार्म 6 भर सकते हैं।

यंगथॉन में रेलकर्मियों का शानदार प्रदर्शन, घासीराम मीणा प्रथम रहे

कोटा, (निसं)। यंगथॉन की 10 किलोमीटर दौड़ में पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल के दो रेलकर्मियों ने शानदार प्रदर्शन किया। रेलवे वर्कशॉप कोटा में मशीन शॉप के टेक्नीशियन प्रथम घासीराम मीणा ने आयोजित दौड में प्रथम स्थान, जबकि परिचालन विभाग में मुख्य कार्यालय अधीक्षक सयानारायण मालव ने चौथा स्थान प्राप्त किया। घासीराम मीणा ने 10 किलोमीटर की दौड़ मात्र 37 मिनट 24 सेकंड में पूरी कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रतियोगिता में कोटा मंडल के परिचालन विभाग में मुख्य कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत सयानारायण मालव ने फिटनेस का परिचय देते हुए 10 किलोमीटर दौड़ 48 मिनट में पूर्ण कर चौथा स्थान प्राप्त किया।

औद्योगिक क्षेत्र को बिजली ट्रिपिंग से सात दिन में मिलेगी राहत

रामगंजमंडी, (निसं)। कोटा स्टोन औद्योगिक क्षेत्र में आए दिन होने वाली बिजली ट्रिपिंग की समस्या से जल्दी ही राहत मिलेगी। ट्रिपिंग की समस्या को लेकर कोटा स्टोन एसोसिएशन के सचिव अखिलेश मेडतवाल ने कुछ दिनों पूर्व ऊर्जा मंत्री से मुलाकात की थी और उनको ट्रिपिंग की समस्या से अवगत करवाया था। उसके बाद ऊर्जा मंत्री नागर ने रामगंजमंडी औद्योगिक क्षेत्र को दो नए ट्रांसफार्मर स्वीकृत किए हैं। यह दोनों ट्रांसफार्मर 26 अक्टूबर को रामगंजमंडी पहुंचेंगे और 26 अक्टूबर को बिजली बंद रहेगी और 26 अक्टूबर को ही दोनों ट्रांसफार्मर को लगा दिया जाएगा। सोमवार को 33 केवी सब स्टेशन कुंभकोट पर पूर्व से स्थापित 3.15 एमवीए के 2 पॉवर ट्रांसफार्मर को हटाकर नया उच्च क्षमता वाला 5 एमवीए 2 पॉवर ट्रांसफार्मर को स्थापित किया जाएगा।

कोटा दक्षिण में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया

कोटा, (निसं)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम के नेतृत्व में रविवार शाम कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सीधा संवाद कार्यक्रम खड़े गणेश रोड स्थित रामचरण धर्मशाला के पास गोस्वामी समाज भवन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने, बूथ प्रबंधन, सदस्यता अभियान, जनसमस्याओं तथा केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं से सुझाव भी लिए गए।

संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ बूथ स्तर तक सक्रिय भूमिका निभानी होगी। कोटा दक्षिण में कांग्रेस का ऐतिहासिक जनाधार रहा है और उसे फिर से मजबूत बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में आमजन महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और बदहाल विकास कार्यों जैसी समस्याओं से परेशान है। ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महती जिम्मेदारी है कि वे जनता के बीच जाकर वार्ड स्तर पर लोगों की समस्याएं सुनें, उन्हें प्रमुखता से उठाएं और कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि निगम चुनावों में भाजपा और प्रशासन की दवाब की राजनीति के चलते हमारे 40 पार्षद जीतकर आये यही हमारी उपलब्धि है उन्होंने कहा कि 1 नवम्बर को राहुल गांधी की लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ दिल्ली रैली में शामिल होने के लिए कार्यकर्ताओं को आव्हान किया। पीसीसी महासचिव एवं कोटा प्रभारी पुष्पेंद्र भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस संगठन की मजबूती का आधार उसका जमीनी कार्यकर्ता है।

संगठन को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर आमजन से निरंतर संपर्क बनाए रखे। बूथ स्तर पर मजबूत टीमों का गठन, नियमित संगठनात्मक बैठकें और जनसमस्याओं को लेकर सक्रिय भूमिका निभाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं तथा युवाओं और महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करें।

सार-समाचार

कौशिक महाराज की दसवीं पुण्यतिथि पर यज्ञ और शिविर का आयोजन

कोटा, (निसं)। वरिष्ठजन कल्याण समिति कोटा व अन्य सहयोगियों के सहयोग से श्रद्धेय ब्रह्मलीन गुरुदेव शंभू सिंह कौशिक के दसवें स्मरण दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 26 अक्टूबर 2026 को कौशिक गायत्री आश्रम बोरखेड़ा में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर आप सभी से विशेष कर समिति के सदस्यों से अनुरोध है कि इस मेडिकल चेकअप एवं स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का भरपूर लाभ उठावें। समिति के सदस्य कैंप की व्यवस्था बनाए रखने में सहायता कर सहभागिता निभाएंगे। शिविर का समय प्रातः 8.30 बजे से 11.00 बजे तक रहेगा उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार गौड़ व प्रचार प्रसार सचिव एस.के.अग्रवाल ने दी। शिविर संयोजक नेमीचंद शर्मा व डॉक्टर संजय धाकड़ रहेंगे। प्रधान संचालक व संरक्षक यज्ञदत्त हाड़ा ने बताया कि शिविर में फिजिशियन डॉक्टर राजेश समर, इलेक्टोपैथी चिकित्सक डॉक्टर आरसी गुप्ता, डॉक्टर शादाब अहमद, डॉक्टर आरबी गुप्ता, डॉक्टर सत्य प्रकाश मिश्रा, डॉक्टर संजय गुप्ता, डॉक्टर रमेश कुमार व टीम, ललित मिश्रा ऑप्टिशियन की टीम मय दवाईयां के साथ उपलब्ध होंगे। रोगी अपने पुरानी रिपोर्ट साथ में जरूर लाएं। दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सरवर हुसैन, डॉक्टर संजय धाकड़ व संजीवनी हॉस्पिटल के टेक्नीशियन रक्त जांच कर अपने सेवाएं देंगे। विमल जैन ने बताया कि वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर रामपाल डीआर आरपी मीना (अस्थि रोग विशेषज्ञ), होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉक्टर मुकेश दाधीच व पंकज गुप्ता इस अवसर पर परामर्श देंगे। उपलब्ध दवाएं मरीज को निःशुल्क दी जाएंगी।

लोकनृत्यों की प्रस्तुतियों ने समां बांधा

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय दशहरा मेला 2026 के द्वितीय चरण के अंतर्गत मेला परिसर स्थित 'किसान रंगमंच' पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय एवं आमंत्रित कलाकारों ने अपनी सुमधुर गायकी और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

रंग-बिरंगी रोशनी और संगीत की मधुर तानों के बीच कलाकारों की एक से बढकर एक प्रस्तुति पर दर्शक देर रात तक झूमते नजर आए। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद कमलकांत शर्मा, संजय विश्वास, प्रदीप कसाना तथा जितेंद्र सिंह बतौर अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत मेला समिति एवं निगम प्रशासन की ओर से पारंपरिक रूप से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज़ भगवान श्री गणेश की आराधना 'देवा ओ देवा गणपति देवा' की सुमधुर वंदना से हुआ, जिसने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय और ऊर्जावान बना दिया। इसके पश्चात गायकों ने सदाबहार हिंदी गीत 'आने से उसके आए बहार' की सुरीली प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर नृत्य कलाकारों ने भी अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 'तुझ पर बलिहारी जाऊं कसम राम की' गाने पर कलाकारों द्वारा दी गई भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा।

प्रसूता शबनम की मौत का मामला: निष्पक्ष जांच और मुआवजे की मांग

■ पार्षद हस्सान खान ने सवाल उठाए

छबड़ा (निसं)। 24 वर्षीय प्रसूता शबनम पत्नी जावेद की पुत्री को जन्म देने के बाद जेके लोन अस्पताल में हुई मौत के मामले में पार्षद हस्सान खान ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने और पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की है।

खान ने बताया कि शबनम को बारां जिला अस्पताल से रेफर किया गया था। इसके बाद जेके लोन अस्पताल में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने उपचार में लापरवाही के आरोप लगाए हैं, जिससे चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए हैं।

उन्होंने जिला कलेक्टर से बारां जिला अस्पताल से रेफर किए जाने से लेकर जेके लोन अस्पताल में उपचार तक की पूरी प्रक्रिया, मेडिकल रिकॉर्ड और संबंधित दस्तावेजों की जांच कराने की मांग की। साथ ही कहा कि जांच में चिकित्सकीय लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने मृतका के परिवार की आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने तथा मामले में शीघ्र कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

वीर सपूतों को भावभीनी स्वरांजलि दी, 'भारत माता के जयकारे' गूंजे

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय दशहरा मेले के अंतर्गत मनभावन चांदनी रात में देशभक्ति और राष्ट्रवाद की बयार बह निकली। विजयश्री रंगमंच पर 'एक शाम शहीदों के नाम' के तहत आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या ने उपस्थित हज़ारों दर्शकों को देशभक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर कर दिया।

पूरा मेला राष्ट्रीय उत्साह और 'भारत माता की जय' के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण देश के ख्यातनाम और प्रतिष्ठित पार्श्व गायक पद्मश्री सुरेश वाडेकर ने अपनी जादुई और सुरमयी आवाज़ में देश के वीर सपूतों और अमर शहीदों को गीतों के माध्यम से अनूठी स्वरांजलि अर्पित की। उनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं के दिलों में देशभक्ति की अलख जगा दी। एक के बाद एक देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों की प्रस्तुतियों पर पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

शुभारंभ नगर परिषद् बूंदी के अध्यक्ष भरत शर्मा, नगर पालिका केशवरायपाटन के अध्यक्ष अनुराधा मलिक, नगर परिषद् बूंदी के उपाध्यक्ष संजय भूटानी, नगर परिषद् केशवरायपाटन के उपाध्यक्ष आदर्श मालवीय, सामाजिक कार्यकर्त्ता नीरज सुवालका द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में कोटा की महापौर अनुसुइया गोस्वामी तथा मेला अधिकारी ओपी मेहरा ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस दौरान विभिन्न नगर निकायों के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और भारी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे, जिन्होंने इस राष्ट्रीय पर्व जैसे माहौल का आनंद लिया। दशहरा मेले के इस विशेष आयोजन ने कला और संस्कृति का अनूठा संगम प्रस्तुत किया और देश के प्रति अपनी जान न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों के बलिदान को भी जीवंत कर दिया। प्रसिद्ध पार्श्वगायक सुरेश वाडकर ने अपने जादुई और सुरम्य गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने पारंपरिक और पवित्र गणेश वंदना के साथ की, जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद उन्होंने एक के बाद एक कई लोकप्रिय और कालजयी गीत पेश किए। 'मेरे प्यारे वतन' और 'मेरे देश की धरती, सोना उगले' जैसे देशभक्ति गीतों ने श्रोताओं में देशप्रेम की भावना भर दी। वहीं, 'मैं हूं प्रेम रोगी मेरी दवा तो कराओ' और 'लगी आज सावन की झड़ी' जैसे गीतों ने पुरानी यादों को ताजा कर दिया। वाडेकर की सदाबहार गायकी ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंत तक दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था और हर उम्र के लोग देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आए।

कोटा में पद्मश्री सुरेश वाडेकर के देशभक्ति गीतों से 'एक शाम शहीदों के नाम स्वर संध्या' सजी।

नगर निगम, कोटा
133वाँ राष्ट्रीय दशहरा मेला
दिनांक : 26.10.2026, सोमवार के कार्यक्रम
हत्था माला प्रतियोगिता
सायं 07:00 बजे | विजय श्री रंगमंच, दशहरा मैदान
सम्माननीय अतिथि
श्रीमती अनिता कुमारी मेघवाल, चेयरमैन, नगर पालिका, सुल्तानपुर
श्रीमती निर्मला बाई, चेयरमैन, नगर पालिका, इटावा
श्री नरेन्द्र शर्मा, वाईस चेयरमैन, नगर पालिका, सुल्तानपुर
श्री दीपक उपाध्याय, वाईस चेयरमैन, नगर पालिका, इटावा
एक शाम पुराने गीतों के नाम
(लाइक माइन्डेड ग्रुप)
रात्रि 08:30 बजे | विजय श्री रंगमंच, दशहरा मैदान
सम्माननीय अतिथि
श्री पंकज मेहता, प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा राजस्थान
श्री गोविन्द शर्मा, विशेष आमंत्रित सदस्य, भाजपा राजस्थान
श्री क्रांति जैन, अध्यक्ष, कोटा व्यापार संघ, कोटा
श्री अशोक माहेश्वरी, महासचिव, कोटा व्यापार संघ, कोटा
श्रीमती रजनी सोनी, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा महिला मोर्चा एवं पूर्व चेयरमैन, नगर पालिका, इटावा
श्री हिम्मत सिंह हाड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता
किसान रंगमंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ
रात्रि 08:30 बजे | स्थान: फेज-2 दशहरा मैदान, कोटा
सम्माननीय अतिथि
श्री सुरेन्द्र कलवार, पूर्व पार्षद, नगर निगम कोटा
श्री विवेक मित्तल, पूर्व पार्षद, नगर निगम कोटा
श्री योगेश आहलुवालिया, पूर्व पार्षद, नगर निगम कोटा
श्री रामबाबू सोनी, पूर्व पार्षद, नगर निगम कोटा
आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
विनीत
अनुसुईया गोस्वामी, महापौर, नगर निगम कोटा
विवेक राजवंशी, उपमहापौर, नगर निगम कोटा
समस्त पार्षदगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण नगर निगम कोटा

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)
क्रमांक: LU2012/KOT/2026-27/101285 लोक सूचना दि. 23.10.2026
श्रीमती MADHU MEENA पत्नी श्री RAM KISHAN जाति MEENA निवासी 9/416 MALVIY NAGAR, JAIPUR श्रीमती YASHWANT KUMARI पत्नी श्री UMENDRA PAL SINGH जाति RAJPUT निवासी 22 SHAKTI NAGAR, DADABARI KOTA ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हेक्टे.)
1.	बल्लोप, तालेड़ा (बूंदी)	(1) YASHWANT KUMARI W/O UMENDRA PAL SINGH, CAST- RAJPUT (2) MADHU MEENA W/O RAM KISHAN, CAST- MEENA, ADD.- 22 SHAKTI NAGAR, DADABARI KOTA	153	3723	0.3723
			751/154	4371	0.4371
			1054/583	890	0.089
				कुल	0.8984

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारी के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 23/10/2026 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा
क्रमांक-एफ-11/विक्रय/2026/203 दिनांक-23.10.2026
रजिस्ट्री चाहने बाबत् आम सूचना
कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या 9 केशवपुरा सेक्टर-7 योजना का आवंटन के पत्र 483 दिनांक 13.12.1982 द्वारा श्री राम स्वरूप शर्मा पुत्र श्री लाल शर्मा को आंवटित किया गया था। श्री रामस्वरूप शर्मा के द्वारा श्री हरि सिहं बघेल पुत्र श्री रामगोपाल को उक्त भूखण्ड कि कार्यवाही के सम्बंध में मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। श्री हरि सिहं बघेल पुत्र श्री रामगोपाल के द्वारा मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखण्ड कि रजिस्ट्री चाही गई है। श्री हरि सिहं बघेल पुत्र श्री रामगोपाल के द्वारा अपने नाम उक्त भूखण्ड कि रजिस्ट्री हेतु आवेदन किया गया है।
अतः जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस रजिस्ट्री की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखण्ड संख्या 9 केशवपुरा सेक्टर-7 योजना कि रजिस्ट्री जर्ये मुख्तारआम श्री हरि सिहं बघेल पुत्र श्री रामगोपाल नाम से जारी कर दी जावेगी। उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा